Seat No. : _______________

# AO-110

**April-2025**

**B.A., Sem.-IV (NEP)**

**DSC-M-244 : Hindi (Minor)**

**(हिंदी खंडकाव्य)**

**Time : 2 Hours]** **[Max. Marks : 50**

**सूचना : सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।

1. नरेश महेता का व्यक्तित्व एवं साहित्यिक परिचय दीजिए । **10**

**अथवा**

1. 'महाप्रस्थान' खंडकाव्य का कथासार लिखिए । **10**

2. 'महाप्रस्थान' की प्रमुख समस्याओं का वर्णन कीजिए । **10**

**अथवा**

2. 'महाप्रस्थान' एक प्रासंगिक खंडकाव्य है – सिद्‌ध कीजिए । **10**

3. 'महाप्रस्थान' की नायिका द्रौपदी की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए । **10**

**अथवा**

3. अर्जुन का चरित्र-चित्रण कीजिए । **10**

4. ससंदर्भ व्याख्या कीजिए । **10**

(अ) "आहत तन, अपमानित मन के भीम,
सदा इस पांडवता की, वज्र सरीखी देह रहे हैं ।
पर व्यर्थ गया
वह दुर्योधन को जंघा पर करना प्रहार
केवल ललाट पर लगा रहा
उस ओर अनैतिकता का
लांछन
क्या हुआ दुःशासन से
हृदय-रक्त का पान ?
हुआ मन शांत ?
नहीं –

आज भी गरल सरीखा
कंठ जल रहा
तेरह वर्षों का वनवास काल....
अपमान, दुःख औ घोर यातना........
युद्ध, युद्ध
प्रतिपल केवल युद्ध.......
जीवन भर चलते रहते हैं ।"

**अथवा**

(अ) "प्रिये ! हिमपात के श्वेत भार से झुकी,
पंख प्रलम्बी शाखाओं वाले
उस सुपर्ण भोजपत्र के नीचे
न रुको ।
पार्थ या किसी को पुकार कर क्या होगा ?....
एक और भी ऊँचाई होती है कृष्णा !
जहाँ यह तन भी
वृक्ष छाल सा उतार देना पड़ता है....
न पुकारो –
यात्रा
पुकार नहीं होती प्रिये !
और न ही पुकारते हुए
यात्राएँ की जाती हैं......
व्यर्थ है
उन घटनाओं का स्मरण भी –
जो युद्धों
प्रतिहिंसाओं की ज्वाला में नष्ट हो गयीं ।"

5. दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर किन्हीं **दस** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **10**

(1) नरेश महेता का जन्म कहाँ हुआ था ?
 (a) बस्ती (b) लमही
 (c) शाजापुर (d) तरौनी

(2) नरेश महेता का मूल नाम क्या था ?
 (a) पूर्णशंकर शुक्ल (b) वैद्यनाथ मिश्र
 (c) सुदामा पाण्डेय (d) पुरुषोत्तम अग्रवाल

(3) नरेश महेता किस सप्तक के कवि हैं ?

(a) पहला (b) दूसरा

(c) तीसरा (d) चौथा

(4) 'महाप्रस्थान' किस वर्ष में प्रकाशित हुआ ?

(a) 1972 (b) 1973

(c) 1974 (d) 1959

(5) यात्रा, स्वाहा और स्वर्ग किस काव्य के पर्वों के नाम हैं ?

(a) महाप्रस्थान (b) प्रवाद पर्व

(c) शबरी (d) संशय की एक रात

(6) पार्थ किसका दूसरा नाम है ?

(a) दुर्योधन (b) अर्जुन

(c) भीम (d) नकुल

(7) महाभारत का युद्ध कितने दिनों तक हुआ था ?

(a) पन्द्रह (b) सोलह

(c) सत्रह (d) अठारह

(8) सूतपुत्र के रूप में कौन जाना जाता है ?

(a) युधिष्ठिर (b) अर्जुन

(c) कर्ण (d) दुर्योधन

(9) कौरव कुल कितने भाई थे ?

(a) पाँच (b) अस्सी

(c) बीस (d) सौ

(10) "न मैं वर्तमान हूँ, न विगत" – यह कथन किसका है ?

(a) अश्वत्थामा (b) युधिष्ठिर

(c) अर्जुन (d) भीम

(11) द्रौपदी का प्रिय पात्र कौन सा है ?

(a) युधिष्ठिर (b) अर्जुन

(c) भीम (d) नकुल

(12) नकुल और सहदेव की माता का नाम क्या था ?

(a) कुंती (b) राधा

(c) माद्री (d) सुभद्रा